# व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, उस्मानाबाद

# हिंदी विभाग

## वार्षिक प्रतिवेदन

### शैक्षणिक वर्ष २०२२-२३

**१) अंतर्राष्ट्रीय गूगल प्रश्नावली : योग परिचय का आयोजन (दि. २१ जून २०२२) :-**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिन के अवसर पर व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय के हिंदी विभाग, शारीरिक शिक्षा – क्रीडा विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में १०० प्रश्नों की 'अंतर्राष्ट्रीय गूगल प्रश्नावली : योग परिचय' का आयोजन किया गया। इस में विश्वभर से २५५ साधक-साधिका सहभागी हुए। इस प्रश्नावली में १०० प्रतिशत अंक पानेवाले विजेताओं के नाम इस प्रकार से हैं – १. सुश्री. बर्णाली गोगोई (आइजोल, मिजोरम), २. श्री. तन्मय पांडे (अयोध्या, उत्तर प्रदेश) ३. श्री. दिनेश कुमार (महासमुंद, छत्तीसगढ़) ४. श्रीमती मधुमती शिंदे (उदगीर, महाराष्ट्र)

**२) हिंदी विभाग की वार्षिक नियोजन बैठक सम्पन्न (दि. ३० जुलाई २०२२) :-**

इस बैठक में विभागाध्यक्ष डॉ. विनोदकुमार वायचळ जी और सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय जोशी जी की उपस्थिति में निम्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी और क्रियान्वयन का संकल्प किया गया। पूर्व सत्र की परीक्षाओं के परिणामों पर चर्चा, प्रवेश प्रक्रिया का आकलन, समय सारणी की निर्मिति, नये पाठ्यक्रम पर चर्चा और प्रश्नपत्र वितरण, पाठ्यक्रम, सह-पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रमेतर एवं विस्तार कार्य के कार्यभार का नियोजन, राष्ट्रीय हिंदी दिन/ के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी का आयोजन, भित्तीपत्रक का अनावरण, पूरक पाठ्यक्रम ' हिंदी भाषा और साहित्य : सामान्य परिचय' का आरम्भ करना आदि।

**३) प्रेमचंद जयन्ती पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन (दि. ३१ जुलाई २०२२) :-**

अंजुमन खैरुल इस्लाम संचलित पूना महाविद्यालय, पुणे एवं व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, उस्मानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी के उपन्यास सम्राट प्रेमचंद जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में 'प्रेमचंद : जीवन परिचय एवं साहित्य ' इस विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का प्रास्ताविक डॉ. मोहम्मद शाकिर शेख जी ने किया। प्रमुख वक्ताओं का परिचय डॉ. विनोदकुमार वायचळ जी ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता डॉ. ममता जैन जी ( पुणे ) ने अपने वक्तव्य में प्रेमचंद युगीन परिस्थितियों का चित्रण उनके कहानी-उपन्यास साहित्य में हुआ है यह बात सप्रमाण प्रस्तुत की। अतिथि वक्ता डॉ. सुफिया यस्मिन जी ( कोलाकाता ) ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रेमचंद साहित्य में मानवीय मूल्य की सीख मिलती है। इस वेबिनार की अध्यक्षता व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रशांत चौधरी जी किया। उन्होंने हिंदी साहित्य तथा स्वाधीनता संग्राम में प्रेमचंद जी के अवदान को अधोरेखित किया। कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. बाबा शेख जी ने किया।

**४) प्रेमचंद जयन्ती पर विशेष व्याख्यान का आयोजन ( दि. ३ अगस्त २०२२) :-**

शंकरराव पाटील महाविद्यालय, भूम के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित विशेष वेब व्याख्यान 'प्रेमचंद के साहित्य में स्वाधीनता आन्दोलन का प्रतिबिम्ब' कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं सूत्रसंचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. राजश्री तावरे जी ने किया

। प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने सहभाग लिया। प्रेमचंद के प्रथम कहानी संग्रह (उर्दू) 'सोज-ए-वतन', हिंदी कहानी 'उपदेश', उपन्यास 'गबन', कहानी 'तावान', कहानी 'आहुति' के आधार पर प्रेमचंद जी के स्वाधीनता विषयक विचारों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय समापन प्राचार्य प्रो. चंदनशिव जी ने किया।

**५) आज़ादी का अमृत महोत्सव विशेष व्याख्यान का आयोजन (दि. ०४ अगस्त २०२२ ) :-**

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अहिल्याबाई होळकर विश्वविद्यालय, सोलापुर के विद्यार्थी कल्याण प्रमुख डॉ. भगवान आदटराव का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने अपने 'आज़ादी का अमृत काल और युवा ' शीर्षक वक्तव्य में युवाओं के सामने प्रस्तुत आह्वानों का सन्दर्भ देते हुए आज़ादी की कीमत को समझकर अपने भवितव्य के निर्माण की ओर अग्रसर होने को कहा। अध्याक्षीय समापन प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रशांत चौधरी जी ने किया। सूत्र संचालन डॉ. संजय जोशी जी ने किया और कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. विनोदकुमार वायचळ जी ने किया।

**६) हर घर तिरंगा अभियान में सहभाग (दि. १३ अगस्त २०२२) :-**

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद) में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी कर्मचारियों और छात्रों ने सहभाग लिया।

**७) विभाजन विभीषिका दिन पर विशेष व्याख्यान (दि. १४ अगस्त २०२२) :-**

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद) में दि. १३ और १४ अगस्त २०२२ के दिन 'विभाजन विभीषिका दिन' अथवा 'अखंड भारत संकल्प दिन ' मनाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत 'विभाजन विभीषिका दिन चित्र प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रशांत चौधरी सर प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने शक्तिबिंदु प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भारत-पाकिस्तान के विभाजन की त्रासदी को समझाया।

**८) हिंदी अध्ययन मंडल की अंतिम बैठक में सहभाग (दि. ३० अगस्त २०२२ ) :-**

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) के हिंदी अध्ययन मंडल एवं पाठ्यक्रम निर्माण समिति में व्यासंगी विद्वान् के रूप निर्मंत्रित डॉ. विनोदकुमार वायचळ जी को अंतिम बैठक में जन्मदिन के अवसर पर भावपूर्ण विदाई दी गई।

**९) गीना देवी राष्ट्र गौरव सम्मान ( दि. ४ सितम्बर २०२२) :-**

डॉ. विनोदकुमार वायचळ को गीना देवी राष्ट्र गौरव सम्मान सम्मान प्रदान किया गया।

**१०) अंतर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी ' आज़ादी का अमृत महोत्सव और हिंदी भाषा का भवितव्य ' का आयोजन (दि. १४ सितम्बर २०२२ ) :-**

राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय और उस्मानाबाद हिंदी परिषद् की संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी ' आज़ादी का अमृत महोत्सव और हिंदी भाषा का भवितव्य का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में आरम्भ में प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रशांत चौधरी जी ने स्वागत परक भाषण किया। डॉ. अशोक मर्डे जी ने प्रस्ताविक किया। विषय प्रवर्तन डॉ. महेंद्र ठाकुरदास जी (पुणे) ने किया। विशेष अतिथि प्रो. डॉ. किरण हजारिका जी (असम) ने पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी की स्थिति विषय पर विचार रखे। प्रमुख अतिथि प्रो. डॉ. राजकुमारी गौतम जी (बेल्जियम) ने 'जापानी और

हिंदी भाषा का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर विचार प्रस्तुत किये। प्रमुख वक्ता डॉ. शान्ति मोहबीर जी (मोरिशस) ने मोरिशस के आर्य समाजी विद्वानों की हिंदी सेवा पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय समापन प्रो. डॉ. देविदास इंगले जी ने किया। सूत्रसंचलन एवं कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने किया। इस वेब संगोष्ठी में यू-ट्यूब के माध्यम से ६१० प्रतिभागियों ने सहभाग लिया।

**११) राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता ' आज़ादी का अमृत महोत्सव और हिंदी भाषा का भवितव्य ' का आयोजन ( दि. १४ सितम्बर २०२२) :-**

इस राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में कुल मिलाकर २६ निबंध प्राप्त हुए। जिनमें से विजेता निम्न प्रकार से हैं - प्रथम पुरस्कार : ₹ २००१/- एवं ई-प्रमाणपत्र श्री. हेमंतकुमार सिंह रामविलास वर्मा, बी.ए. तृतीय वर्ष , जयप्रकाश स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनौ, उत्तर प्रदेश, द्वितीय पुरस्कार : ₹ १५०१/- एवं ई-प्रमाणपत्र श्री. सूरज कुमार यादव, बी. एड., शिक्षा विद्यापीठ, महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र, खजुरी थाना, सौर बाजार, जि. सहरसा, बिहार तृतीय पुरस्कार : ₹ १००१/- एवं ई-प्रमाणपत्र सुश्री. ऐशा वली पाशा पटेल, बी. ए. तृतीय वर्ष बाबुराव आडसकर महाविद्यालय, केज, जि. बीड, महाराष्ट्र आदि।

**१२) भारतेंदु हरिश्चंद्र राष्ट्र भाषा गौरव सम्मान (दि. १४ सितम्बर २०२२) :-**

डॉ. विनोदकुमार वायचळ को भारतेंदु हरिश्चंद्र राष्ट्र भाषा गौरव सम्मान प्रदान किया गया।

**१३) हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर प्रमुख अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान (दि. १६ सितम्बर २०२२) :-**

भारत शिक्षण संस्था का कला, विज्ञान व वाणिज्य महाविद्यालय, माकणी में डॉ. विनोदकुमार वायचळ का 'विश्वभाषा हिंदी ' विषय पर व्याख्यान संपन्न हुआ।

**१४)मासांत परीक्षा ( २८ से ३० सितम्बर २०२२) :-**

बी. ए. / बी. एस्सी. / बी. कॉम. की हिंदी द्वितीय भाषा और हिंदी ऐच्छिक प्रश्नपत्रों की मासांत परीक्षाएँ संपन्न हुई।

**१५) विश्वशांति मानव-सेवा सम्मान – २०२२ (दि. २ अक्तूबर २०२२) :-**

डॉ. विनोदकुमार वायचळ को विश्वशांति मानव-सेवा सम्मान – २०२२ प्रदान किया गया।

**१६) शिक्षा जगमग दीप सम्मान – २०२२ (दि. २४ अक्तूबर २०२२ ) :-**

डॉ. विनोदकुमार वायचळ को शिक्षा जगमग दीप सम्मान – २०२२ प्रदान किया गया।

**१७) डॉ. निशंक का रचना संसार व्याख्यान माला में आभासी व्याख्यान (दि. ३० अक्तूबर २०२२) :-**

डॉ. निशंक का रचना संसार व्याख्यान माला के ८२ वें भाग में डॉ. निशंक की पुस्तक 'हिमालय में टैगोर और गीतांजली ' पर डॉ. विनोदकुमार वायचळ का आभासी व्याख्यान सम्पन्न हुआ।

**१८) हिंदी पूरक पाठ्यक्रम का आयोजन (दि. २२ नवम्बर से १५ दिसंबर २०२२ तक ) :-**

बी. ए. प्रथम वर्ष हिंदी (ऐ.) के सभी छात्रों के लिए पूरक पाठ्यक्रम 'हिंदी भषा एवं साहित्य : सामान्य परिचय' का आयोजन किया गया। इस पाठ्यक्रम में ३८ छात्र-छात्राओं ने सहभाग लिया। सभी सहभागी छात्र-छात्रों की १०० अंकों की परीक्षा लेकर उन्हें सहभागी होने के प्रमाणपत्र प्रदान कियस गये। इस पाठ्यक्रम की प्रत्येक कक्षा का यू-ट्यूब वीडिओ भी जारी किया गया।

**१९) मेधावी छात्रों का सम्मान (दि. ११ नवम्बर २०२२ ) :-**

बी. ए. तृतीय वर्ष विश्वविद्यालय परीक्षा मार्च/ अप्रैल २०२२ में हिंदी विशेष विषय में महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक अर्जित करनेवाली छात्रा सुश्री. धनश्री धामणे और हिंदी ऐच्छिक विषय में महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक अर्जित करनेवाली छात्रा सुश्री. स्नेहा पाटील इन छात्रों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार राशि लेकर सम्मान संस्था सचिव एड. मिलिंद पाटील जी के करकमलों से किया गया।

**२०) संविधान दिन पर विशेष व्याख्यान (दि. २६ नवम्बर २०२२)** :-

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय में संविधान दिन मनाया गया। इस अवसर पर राजनीतिशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित विशेष व्याख्यान में डॉ. विनोदकुमार वायचळ का व्याख्यान संपन्न हुआ।

**२१) द एजूकेशनिस्ट ऑफ द इयर सम्मान (दि. २२ दिसंबर २०२२) :-**

डॉ. विनोदकुमार वायचळ को द एजूकेशनिस्ट ऑफ द इयर सम्मान प्रदान किया गया।

**२२) नूतन उमंग साहित्य संरक्षक सम्मान – २०२३ ( दि. १ जनवरी २०२३) :-**

डॉ. विनोदकुमार वायचळ को नूतन उमंग साहित्य संरक्षक सम्मान – २०२३ प्रदान किया गया।

**२३) अंतर्राष्ट्रीय बेव संगोष्ठी 'विश्वभाषा हिंदी : २१ वीं सदी की आवश्यकता ' का आयोजन (दि. १० जनवरी २०२३) :-**

इस अंतर्राष्ट्रीय बेव संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो. डॉ. रमा नवले (पीपल्स महाविद्यालय, नांदेड), प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. इल्या ओंस्तोंपेंक (रूस) और विशेष अतिथि के रूप श्री. षैजू के. (केरल) की व्याख्यान सम्पन्न हुए। प्रस्ताविक प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रशांत चौधरी ने किया। अध्यक्षीय समापन उस्मानाबाद हिंदी परिषद् के सचिव प्रो. डॉ. अशोक मर्डे जी ने किया। सूत्र संचलन और कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने किया। तकनीकी सहायता श्री. अभय शिंदे जी और डॉ. सुहास पाटील जी ने की। इस वेब संगोष्ठी में यू-ट्यूब के माध्यम से ३१३ प्रतिभागियों ने सहभाग लिया।

**२४) राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता 'सूचना प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में हिंदी का बढ़ता महत्त्व' का आयोजन (दि. १० जनवरी २०२३) :-**

इस निबंध प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारतवर्ष से ४५ छात्र-छात्राओं ने सहभाग लिया। सर्व प्रथम स्थान श्री. हेमंतकुमार वर्मा, लखनौ विश्वविद्यालय, लखनौ ( ₹ २००१ एवं ई-प्रमाणपत्र) , सर्व द्वितीय स्थान सुश्री. अस्मिता मेंढे, तेरणा अभियांत्रिकी महाविद्यालय, धाराशिव (₹ १५०१ एवं ई-प्रमाणपत्र) सर्व तृतीय स्थान श्री. सुन्दर सोनी, छाजुराम स्मृति जाट महाविद्यालय, हिसार, हरियाणा (₹ १००१ एवं ई-प्रमाणपत्र) के पुरस्कार प्राप्त किये।

**२५) १२ वें विश्व हिंदी सम्मेलन में सहभाग ( दि. १५ से १७ फरवरी २०२३) :-**

विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और फीजी सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित १२ वें विश्व हिंदी सम्मेलन में डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने सक्रीय सहभाग लिया। इस प्रवास में मुंबई – क्वालालंपुर (मलेशिया) – सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) – नांदी (फीजी) की यात्रा की। इस सम्मेलन के दूसरे दिन डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने 'भारतीय ज्ञान परम्परा का स्रोत : सांगोपांग वैदिक वांग्मय' विषय पर शोधालेख प्रस्तुत किया। इस शोधालेख का प्रकाशन अन्य चालीस शोधलेखों की साथ शीघ्र ही किया जाएगा।

**२६) हुतात्मा वेदप्रकाश आर्य बलिदान दिन (दि. २३ फरवरी २०२३ ) :-**

हैदराबाद मुक्ति संग्राम की प्रथम हुतात्मा वेदप्रकाश आर्य (गुंजोटी ता. उमरगा जि. धाराशिव) के बलिदान दिन पर डॉ. विनोदकुमार वायचळ का व्याख्यान सम्पन्न हुआ।

**२७) दीक्षांत समारोह (दि. १८ मार्च २०२३) :- .**

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद) में दीक्षांत समारोह अर्थात पदवी प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) उपपरिसर धाराशिव (उस्मानाबाद) के संचालक प्रो. डॉ. दत्तात्रय गायकवाड जी, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय के अधिसभा सदस्य श्री. देविदास पाठक जी, संस्था प्रतिनिधि श्री. कमलाकर पाटील जी, प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रशांत चौधरी जी, आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समन्वयक प्रो. डॉ. अर्चना बनाले जी, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. मकरंद चौधरी जी, शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. समीर बावीकर जी, परीक्षा विभाग प्रमुख डॉ. प्रमोद बेरलीकर, ग्रंथपाल श्री. सचिन महाजन जी और पदवीधर छात्र उपस्थित रहे।

**२८) पूर्व छात्र सम्मेलन (दि. १८ मार्च २०२३ ) :-**

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद) में पूर्व छात्रों का समेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रशांत चौधरी जी, पूर्व छात्र विभाग प्रमुख श्री. अशोक गोरे जी, पूर्व छात्र संगठन सचिव श्री. रवींद्र कुलकर्णी जी, डॉ. विनोदकुमार वायचळ और अनेक पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

**२९) पं. नरेन्द्र आर्य विद्यालय में विशेष व्याख्यान (दि. २३ मार्च २०२३) :-**

हैदराबाद मुक्ति संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले पं. नरेन्द्र आर्य (स्वामी सोमानंद) के नाम से अपसिंगा ता. तुळजापुर जि. धाराशिव में स्थापित विद्यालय में आर्य समाज स्थापना दिन के उपलक्ष्य में डॉ. विनोदकुमार वायचळ का व्याख्यान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्याध्यापक श्री. जयराज सूर्यवंशी जी, हिंदी अध्यापक सोनटक्के जी, और छात्र छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**३०) डॉ. भीमराव आंबेडकर राष्ट्र गौरव सम्मान – २०२३ (दि. १४ अप्रैल २०२३) :-**

डॉ. विनोदकुमार वायचळ को भीमराव आंबेडकर राष्ट्र गौरव सम्मान – २०२३ प्रदान किया गया।

**३१) सेट परीक्षा उत्तीर्ण पूर्व छात्र का सत्कार :-**

सुश्री. स्वाति हिराजी देडे अधिव्याख्याता पद के लिए अनिवार्य परीक्षा सेट (हिंदी) उत्तीर्ण होने पर व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय में उनका सत्कार किया गया।

**अध्यक्ष हिंदी विभाग**
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय,
उस्मानाबाद

कार्यालय
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
उस्मानाबाद

**प्राचार्य**
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
उस्मानाबाद ४१३५०१




अंतर्राष्ट्रीय गूगल प्रश्नावली





**प्रेमचंद जयन्ती पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन**




अंतर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी ' आज़ादी का अमृत महोत्सव और हिंदी भाषा का भवितव्य ' का आयोजन




अंतर्राष्ट्रीय बेव संगोष्ठी 'विश्वभाषा हिंदी : २१ वीं सदी की आवश्यकता ' का आयोजन


तपस्वी पब्लिक चॅरिटेबल ट्रस्ट, येवती संचलित
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद)
हिंदी विभाग

आज़ादी का अमृत महोत्सव

डॉ. संजय व्यंकटराव जोशी
सहायक प्राध्यापक , हिंदी विभाग

प्रो. डॉ. प्रशांत गुणवंत चौधरी
प्राचार्य

डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ
सहायक प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग

राष्ट्रीय हिंदी दिन ( १४ सितम्बर २०२२) के उपलक्ष्य में
आय. क्यू . ए. सी. एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित
राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता

" आज़ादी का अमृत महोत्सव और हिंदी भाषा का भवितव्य "

❖ प्रथम पुरस्कार : ₹ २००१/- एवं ई-प्रमाणपत्र
श्री. हेमंतकुमार सिंह रामविलास वर्मा, बी.ए. तृतीय वर्ष
जयप्रकाश स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनौ, उत्तर प्रदेश

❖ द्वितीय पुरस्कार : ₹ १५०१/- एवं ई-प्रमाणपत्र
श्री. सूरज कुमार यादव, बी. एड., शिक्षा विद्यापीठ,
महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र
खजुरी थाना, सौर बाजार, जि. सहरसा, बिहार

❖ तृतीय पुरस्कार : ₹ १००१/- एवं ई-प्रमाणपत्र
सुश्री. ऐशा वली पाशा पटेल, बी. ए. तृतीय वर्ष
बाबुराव आडसकर महाविद्यालय, केज, जि. बीड, महाराष्ट्र

❖ सांत्वना पुरस्कार (१): ₹ ५०१/- एवं ई-प्रमाणपत्र
सुश्री. संध्याराणी रमेश वाघमारे, एम. ए. द्वितीय वर्ष
गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुर्गी, कर्नाटक

❖ सांत्वना पुरस्कार (२): ₹ ५०१/- एवं ई-प्रमाणपत्र
सुश्री. श्रीलक्ष्मी के. मधु, बी. ए. द्वितीय वर्ष
मार अथान्शीस कॉलेज, कोतमंगलम, जि. एर्नाकुलम, केरल

❖ सांत्वना पुरस्कार (३): ₹ ५०१/- एवं ई-प्रमाणपत्र
श्री. गणेश विजय विरासे, बी. एस्सी. प्रथम वर्ष
श्रीमान भाऊसाहेब झाडबुके महाविद्यालय, बार्शी, जि. सोलापूर, महाराष्ट्र

राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता ' आज़ादी का अमृत महोत्सव और हिंदी भाषा का भवितव्य ' का आयोजन

तपस्वी पब्लिक चॅरिटेबल ट्रस्ट, येवती संचलित

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, धाराशिव (उस्मानाबाद)

हिंदी विभाग

डॉ. संजय व्यंकटराव जोशी, सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग

प्रो. डॉ. प्रशांत गुणवंत चौधरी, प्राचार्य

डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ, सहायक प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग

**विश्व हिंदी दिन (दि. १० जनवरी २०२३) के उपलक्ष्य में**

आय. क्यू. ए. सी. एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता


**" सूचना प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में हिंदी भाषा का बढ़ता महत्त्व "**

| अ. क्र. | प्रतियोगी का नाम | कक्षा | महा विद्यालय | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|---|
| ०१ | श्री. हेमंतकुमार सिंह रामविलास वर्मा | बी. पी. एड. प्र. व. | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | ₹ २००१/- |
| ०२ | सुश्री. अस्मिता लहू मेंढे | बी. टेक. तृ. व. | तेरणा अभियांत्रिकी महाविद्यालय. धाराशिव (उस्मानाबाद) महाराष्ट्र | ₹ १५०१/- |
| ०३ | श्री. सुंदर सोनी | बी. कॉम. तृ. व. | छाजुराम स्मृती जाट महाविद्यालय, हिसार, हरियाणा | ₹ १००१/- |
| ०४ | श्री. सूरजकुमार मंगल यादव | बी. एड. | शिक्षा विद्यापीठ, महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र खजुरी, जि. सहरसा, बिहार | ₹ ५०१/- |
| ०५ | सुश्री. प्रिया संतोष वाघुले | एम. ए. प्र. व. | डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, छ. संभाजीनगर (औरंगाबाद), महाराष्ट्र | ₹ ५०१/- |
| ०६ | सुश्री. स्वप्ना झा | एम. ए. | हिंदी विश्वविद्यालय, हावडा, जि. कोलकाता, पश्चिन बंगाल | ₹ ५०१/- |
| ०७ | सुश्री. किपा संजय | बी. ए. द्वि. व. | डेरा नातुङ शासकीय महाविद्यालय, इटानगर, अरुणाचल प्रदेश | ₹ ५०१/- |
| ०८ | सुश्री. इंद्रा गोगिनी | एम. ए. द्वि. व. | लक्ष्मण सिंह महर राजकीय स्नातक महाविद्यालय, पिथौरागढ, उत्तराखंड | ₹ ५०१/- |

राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता 'सूचना प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में हिंदी का बढ़ता महत्त्व' का आयोजन




प्रेमचंद जयन्ती पर विशेष आभासी व्याख्यान का आयोजन




डॉ. निशंक का रचना संसार व्याख्यान माला में आभासी व्याख्यान




हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर प्रमुख अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान




**आज़ादी का अमृत महोत्सव विशेष व्याख्यान का आयोजन**




**विभाजन विभीषिका (अखंड भारत संकल्प) दिन पर विशेष व्याख्यान**



**हिंदी अध्ययन मंडल की अंतिम बैठक में सहभाग एवं जन्म दिन पर विदाई**




हिंदी विशेष विषय में सर्व प्रथम स्थान प्राप्त सुश्री. धनश्री धामणे का सत्कार एवं पुरस्कार वितरण




हिंदी ऐच्छिक विषय में सर्व प्रथम स्थान प्राप्त सुश्री. स्नेहा पाटील का सत्कार एवं पुरस्कार वितरण




संविधान दिन विशेष व्याख्यान



१२ वें विश्व हिंदी सम्मेलन में सहभाग एवं शोधालेख पठन




हुतात्मा वेदप्रकाश आर्य बलिदान दिन




दीक्षांत समारोह (पदवी प्रमाणपत्र वितरण समारोह)




पं. नरेन्द्र आर्य विद्यालय में विशेष व्याख्यान




मार्च २०२३ की सेट परीक्षा में उत्तीर्ण पूर्व छात्रा सुश्री. स्वाति देडे का सत्कार



Reg. No.- UP/01/0048134/22

विश्व गंगा वाहिनी एवं शोध संस्थान (आगरा)

सम्मान पत्र

(डॉ. भीमराव आम्बेडकर राष्ट्र गौरव सम्मान–2023)

डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ 'वेदार्य'

आपकी उत्कृष्ट सृजनशीलता, उच्च शैक्षणिक सेवा कार्यों, संस्कृति के प्रति समर्पण, हिन्दी भाषा सेवा, सामाजिक आदर्शों आदि सेवा कार्यों में उल्लेखनीय योगदान हेतु आपको **डॉ. भीमराव आम्बेडकर राष्ट्र गौरव सम्मान–2023** सहर्ष प्रदान किया जाता है।

!! भवतु सब्ब मंगलम् !!

दिनांक– 14/04/2023
स्थान– फतेहाबाद, आगरा

निदेशक

डॉ. भीमराव आंबेडकर राष्ट्र गौरव सम्मान – २०२३

# हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने पर कुलपति ने किया सम्मानित



**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ।डाक्टर शोभा रतूड़ी असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय को विदेश मन्त्रालय भारत सरकार एवं फिजी सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन फिजी में भाग लेकर लौटने पर सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा. जी. के थपलियाल द्वारा सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रतिकुलपति डा अभय शंकर गौड़ा, संकायाध्यक्ष प्रो. सुधीर त्यागी एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. तुष्टि शर्मा उपस्थित रहे।

12 वॉ विश्व हिन्दी सम्मेलन फिजी के नादी शहर में आयोजित किया गया।इस सम्मेलन में डा. शोभा रतूड़ी असिस्टेंट प्रोफेसर ने प्रतिभाग करते हुए 'साहित्य एवं संस्कृति मे हिन्दी' विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्री जय शंकर प्रसाद एवं फिजी के महामहिम राष्ट्रपति रातू विल्सन द्वारा की गयी। विश्व हिन्दी सम्मेलन का मुख्य विषय 'पारम्परिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक 'रहा।

डा. शोभा रतूड़ी ने विश्व भर से आए हुए भारतीय एवं विदेशी प्रतिनिधियों को स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ की आधारभूत और मुख्य विशेषताओं से परिचित कराते हुए कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय सम्पूर्ण भारत मे उत्कृष्ट श्रेणी का विश्वविद्यालय है। यहां पर देश विदेश से आए हजारों विद्यार्थी भारतीय भाषा, दर्शन ,कला एवं संस्कृति से परिचित होते हुए ज्ञानार्जन करते हैं।कुलपति डा. जी.के. थपलियाल ने डा. शोभा रतूडी के हिन्दी भाषा के विकास के कार्यो हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

# हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने पर कुलपति ने किया सम्मानित

पश्चिम पुकार ब्यूरो



मेरठ। डाक्टर शोभा रतूड़ी असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय को विदेश मन्त्रालय भारत सरकार एवं फिजी सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 12 वे विश्व हिन्दी सम्मेलन फिजी मे भाग लेकर लौटने पर सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा. जी. के थपलियाल द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डा अभय शंकरगौड़ा, संकायाध्यक्ष प्रो. सुधीर त्यागी एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. तुष्टि शर्मा उपस्थित रहे। 12 वॉ विश्व हिन्दी सम्मेलन फिजी के नादी शहर में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन मे डा. शोभा रतूड़ी असिस्टेंट प्रोफेसर ने प्रतिभाग करते हुए साहित्य एवं संस्कृति मे हिन्दी विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय विदेश मन्त्री जय शंकर प्रसाद एवं फिजी के महामहिम राष्ट्रपति रातू विल्सन द्वारा की गयी। विश्व हिन्दी सम्मेलन का मुख्य विषय पारम्परिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक रहा। डा. शोभा रतूड़ी ने विश्व भर से आए हुए भारतीय एवं विदेशी प्रतिनिधियो को स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ की आधारभूत और मुख्य विशेषताओ से परिचित कराते हुए कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय सम्पूर्ण भारत मे उत्कृष्ट श्रेणी का विश्वविद्यालय है। यहां पर देश विदेश से आए हजारो विद्यार्थी भारतीय भाषा, दर्शन, कला एवं संस्कृति से परिचित होते हुए ज्ञानार्जन करते है। कुलपति डा. जी.के.थपलियाल ने डा. शोभा रतूड़ी के हिन्दी भाषा के विकास के कार्यो के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

# हुतात्मा वेदप्रकाश आर्य यांना मौन पाळून अभिवादन

धाराशिव, दि. २३ (प्रतिनिधी) - येथील व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालयात मराठवाडा मुक्तिसंग्रामातील पहिले हुतात्मा वेदप्रकाश आर्य यांच्या बलिदान दिनानिमित्त व राष्ट्रसंत गाडगे महाराज यांच्या जयंतीनिमित्त त्यांना अभिवादन करण्यात आले.




धाराशिव : येथील व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालयात मराठवाडा मुक्तिसंग्रामातील पहिले हुतात्मा वेदप्रकाश आर्य यांच्या बलिदानदिनानिमित्त व राष्ट्रसंत गाडगे महाराज यांच्या जयंतीनिमित्त त्यांना अभिवादन करण्यात आले.

यावेळी महाविद्यालयाचे प्राचार्य प्रा. डॉ. प्रशांत चौधरी, पत्रकार प्रशांत कावरे, वृत्तपत्र छायाचित्रकार कालिदास म्हेत्रे, हिंदी विभागप्रमुख प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ यांची प्रमुख उपस्थिती होती. मान्यवरांच्या हस्ते प्रतिमा पूजन करण्यात आले.

यावेळी प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ यांनी हुतात्मा वेदप्रकाश व संत गाडगे महाराज यांच्या कार्याविषयी माहिती सांगितली. यावेळी प्रा. डॉ. प्रशांत चौधरी यांनीदेखील मनोगत व्यक्त केले. या कार्यक्रमात एक मिनिटांचे मौन बाळगून हुतात्मा वेदप्रकाश यांना अभिवादन करण्यात आले. या कार्यक्रमाचे सूत्रसंचालन प्रा. डॉ. संजय जोशी यांनी केले. या कार्यक्रमास प्राध्यापक, विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

लोकमत

# महाजन महाविद्यालयात व्याख्यानमालेचा समारोप



**उस्मानाबाद :** भारतीय स्वातंत्र्याच्या अमृतमहोत्सवानिमित्त येथील व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालयात तीन दिवसीय व्याख्यानमाला पार पडली. महाविद्यालयातील वाङ्मय मंडळाच्या वतीने या व्याख्यानमालेचे आयोजन करण्यात आले होते. या व्याख्यानमालेत पहिल्या दिवशी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होळकर विद्यापीठातील प्रा. डॉ. भगवान आदटराव यांनी 'भारतीय स्वातंत्र्याचा अमृतमहोत्सव व युवक' या विषयावर आपले मत मांडले. दुसऱ्या दिवशी व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालयाच्या माजी प्राचार्य प्रा. डॉ. अनार साळुंके यांनी 'भारतीय स्वातंत्र्य संग्रामात इंग्रजी लेखकांचे योगदान' या विषयावर आपले विचार व्यक्त केले. तिसऱ्या दिवशी महाविद्यालयाचे प्राचार्य प्रा. डॉ. प्रशांत चौधरी यांनी 'भारतीय स्वातंत्र्य संग्रामातील घटनांचे मराठी साहित्यातील प्रतिबिंब' या विषयावर मनोगत व्यक्त केले. सूत्रसंचालन प्रा. डॉ. संजय जोशी यांनी केले.

Hello Osmanabad
Page No. 3 Aug 25, 2022
Powered by: erelego.com

पुरोगामी विचाराचे
page- 5
25 Aug 2022
एकमत

# महाजन महाविद्यालयात व्याख्यानमाला उत्साहात

**उस्मानाबाद** : येथील व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालयात भारतीय स्वातंत्र्याचा अमृत म होत्सवानिमित्त वाङ्मय मंडळाच्या वतीने ३ दिवसीय व्याख्यानमाला घेण्यात आली.

व्याख्यानमालेत पहिल्या दिवशी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होळकर विद्यापीठातील प्रा. डॉ. भगवान आदटराव यांनी भारतीय स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव व युवक विषयावर मार्गदर्शन केले. दुसऱ्या दिवशी माजी प्राचार्य प्रा. डॉ. अनार साळुंके यांनी भारतीय स्वातंत्र्य संग्रामात इंग्रजी लेखकांचे योगदान तर तिसऱ्या दिवशी प्राचार्य प्रा. डॉ. प्रशांत चौधरी यांनी भारतीय स्वातंत्र्य संग्रामातील घटनांचे मराठी साहित्यातील प्रतिबिंब या विषयावर आपले मनोगत व्यक्त केले. सूत्रसंचालन प्रा. डॉ. संजय जोशी यांनी केले. व्याख्यानमाला यशस्वी करण्यासाठी हिंदी, मराठी व इंग्रजी विभागांनी परिश्रम घेतले. याप्रसंगी महाविद्यालयातील शिक्षक, प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

अध्यक्ष हिंदी विभाग
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय,
उस्मानाबाद

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय कार्यालय उस्मानाबाद

प्राचार्य
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
उस्मानाबाद ४१३५०१